# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, Email- bseapatna@gmail.com, बेबसाईट : www.bsea.bihar.gov.in

पत्रांक : नि० प्रा०/विधि 1-267/2019 2111 /पटना, दिनांक 02/11/2023

प्रेषक,

**कुमार शांत रक्षित,**

परामर्शी ।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०),**

अरवल ।

विषय : **अईयारा पैक्स, प्रखंड- करपी, जिला- अरवल के कतिपय पदों के निर्वाचन के संबंध में।**

**प्रसंग :** आपका पत्रांक 1413/गो0 दिनांक 31.10.2023.

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय से संबंधित प्रसंगाधीन पत्र द्वारा मांगे गये मार्गदर्शन के संबंध में कहना है कि अनुसूचित जाति सदस्य पद एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद हेतु सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाले अभ्यर्थी के बीच मतों का अंतर विकृत 119 मत पत्रों से अधिक है। अत: इन दोनों पदों पर पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं है।

2. अध्यक्ष पद एवं सामान्य वर्ग सदस्य के 03 पदों पर हार-जीत का अंतर विकृत 119 मतों से कम है। अत: इन पदों पर विजयी उम्मीदवार को चिन्हित करना संभव नहीं है। उक्त आलोक में इन पदों पर पुनर्मतदान एवं मतगणना की तिथि दिनांक 10.11.2023 को निर्धारित की जाती है।

3. अनुसूचित जाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के विजयी उम्मीदवारों को निर्वाचन प्रमाण पत्र भी दिनांक 10.11.2023 को मतगणना के पश्चात् अन्य के साथ निर्गत किया जायेगा।

4. पुनर्मतदान के लिए अभ्यर्थियों एवं मतदाताओं समेत सभी संबंधित को सूचित किया जाए तथा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही पुनर्मतदान एवं मतगणना हेतु पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था एवं विडियो रिकॉर्डिंग कराया जाए।

अत: अनुरोध है कि उपर्युक्त आलोक में कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

2/11/23

(कुमार शांत रक्षित)

परामर्शी ।

ज्ञापांक : 2111 /पटना, दिनांक : 02/11/2023

प्रतिलिपि : उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स0स0), अरवल/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, अरवल को सूचनार्थ एवं आवश्यक हेतु प्रेषित।

2/11/23

परामर्शी

ज्ञापांक : 2111 /पटना, दिनांक : 02/11/2023

प्रतिलिपि : प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), करपी को सूचनार्थ एवं आवश्यक हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि दिनांक 10.11.2023 को निर्वाचन परिणाम घोषित करने के पश्चात् प्रपत्र ई.-18 एवं अंतिम मतदाता सूची प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

2/11/23

परामर्शी

Piyush

BSEA Hall dt. 02.11.2023_Rajesh